प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला- ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

पंतनगर किसान मेला का आयोजन 22 से 25 मार्च 2021 तक

पंतनगर। 02 मार्च 2021। विश्वविद्यालय का 109वां अखिल भारतीय किसान मेला 22 से 25 मार्च 2021 को आयोजित किया जायेगा। विश्वविद्यालय के कुलपति, डा. तेज प्रताप ने बताया कि कोविड-19 के चलते किसान मेला में आंशिक बदलाव किये गये है।

कुलपति, डा. तेज प्रताप ने बताया कि मेला अन्य वर्षो से थोड़ा भिन्न रहेगा कोविड-19 महामारी को ध्यान में रखते हुए इस मेले में किसानों के ठहरने की व्यवस्था नहीं की जा रही है। किसानों को बीज, कृषि यंत्र एवं फर्टीलाइजर आदि के स्टालों का भ्रमण एवं क्रय करने की व्यवस्था अन्य मेलों की तरह ही होगी और विश्वविद्यालय के शोध इकाई का भ्रमण भी कराने का प्रावधान रहेगा। किसान एवं अन्य परिसरवासियों को इस बार मेले में खान-पान एवं अन्य मनोरंजन की सुविधा प्रदान किया जाना सम्भव नहीं होगा। उन्होंने बताया कि मेले का उद्घाटन राज्य की महामहिम राज्यपाल, श्रीमती बेबी रानी मौर्य द्वारा किया जायेगा।

निदेशक प्रसार शिक्षा, डा. अनिल कुमार शर्मा ने बताया कि किसानों को खरीफ फसलों के सभी उन्नत बीज, सब्जियां, फल-फूल एवं संकर बछियों की नीलामी के सभी स्टाल बिक्री हेतु लगाये जायेंगे तथा किसान इनको क्रय भी कर सकेंगे। किसान मेला प्रतिदिन प्रातः 09:00 से सायं 05:00 बजे तक रहेगा।